कांग्रेस ने मिड-डे-मील के नाम पर शिक्षा को किया है खराब : रणधीर बेनीवाल

बसपा का आरोप | कांग्रेस ने सरकारी रेट पर जमीनें खरीद कर बिल्डरों को दी

तेजयुग न्यूज

चंडीगढ़ : बहुजन समाज पार्टी की संविधान बचाओ सत्ता प्राप्ति संकल्प यात्रा का रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गढ़ रोहतक में समापन हुआ। हुड्डा के गढ़ में बसपा के हरियाणा पंजाब चंडीगढ़ के केंद्रीय प्रभारी रणधीर सिंह बेनीवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने मिड-डे-मील के नाम पर शिक्षा को खराब किया। इसके साथ ही किसानों से सरकारी भाव पर जमीन लेकर बिल्डरों को महंगे भाव पर बेची और सीएलयू के नाम पर प्रदेश को लूटा। पूरे हरियाणा को प्राइवेट कंपनियों के टोल लगवा कर प्रदेश को लूटने की सरकारी योजना बनाई। सोनीपत के गोहाना से होते हुए बसपा की संकल्प यात्रा रोहतक पहुंची। रोहतक अंबेडकर चौक पर बसपा कार्यकर्ताओं ने संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके संकल्प यात्रा का समापन किया। यात्रा के समापन पर 15 मार्च को करनाल में ही बसपा संस्थापक कांशीराम के जन्मदिवस पर प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का न्यौता दिया।

बसपा प्रदेशाध्यक्ष राजबीर सोरखी ने कहा कि बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती की निर्देशानुसार राष्ट्रीय को-आर्डिनेटर आकाश आनंद में चली 10 दिवसीय संकल्प यात्रा सरकार की जनविरोधी नीतियों बारे आमजन को अवगत कराया गया। यात्रा के दौरान मिले जनसमर्थन से स्पष्ट हो गया है कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार से हर वर्ग दुखी है। महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, घोटालों के साथ अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश में आज जनप्रतिनिधि भी सुरक्षित नहीं हैं। महिलाओं और दलितों पर अत्याचार बढ़ रहे हैं।

अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं और अपने आप को सुरक्षित न महसूस करने के चलते आम व्यक्ति घर से बाहर नहीं निकल रहा है। प्रदेश प्रभारी सुमेर जांगड़ा ने कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कि पार्टी के प्रचार प्रसार में जुट जाएं और 15 मार्च को बसपा संस्थापक कांशीराम जयंती में शामिल होंकर बसपा को मजबूत करने का काम करें। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव संजय चोपड़ा, प्रदेश सचिव प्रवीण फतेहपुरी, आजाद चोपड़ा, जिलाध्यक्ष हवा सिंह आदि ने यात्रा का संचालन किया।

कंप्यूटर लैब सहायक और टीचर 14 को करेंगे सीएम आवास का घेराव

लगभग 4200 कंप्यूटर लैब सहायक और कम्प्यूटर टीचर इस समय निराश हैं

तेजयुग न्यूज

चंडीगढ़। कंप्यूटर लैब सहायक वेलफेयर और कंप्यूटर टीचर वेलफेयर एसोसिएशन 14 मार्च को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगी। कंप्यूटर लैब सहायक राज्य प्रधान करमजीत संधू और कंप्यूटर टीचर राज्य प्रधान बलराम धीमान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सरकार को चेतावनी दी गई कि यदि 13 मार्च तक सरकार उनकी मांग नहीं मानती है तो 14 मार्च को दोनों संगठन सेक्टर-5 पंचकूला शिक्षा सदन के पीछे ग्राउंड में पीछे एकत्रित होंगे और वहां से मुख्यमंत्री के आवास का घेराव करने के लिए कूच करेंगे।

उन्होंने बताया प्रदेश भर के लगभग 4200 कंप्यूटर लैब सहायक और कम्प्यूटर टीचर इस समय निराश है क्योंकि उनकी मांगें पूरी नही की जा रही अधिकारी उनकी वेतन वृद्धि की फ़ाइल को लटका रहे है। कंप्यूटर लैब सहायकों और कंप्यूटर टीचर्स ने बीती 11 जनवरी

को करनाल सीएम सिटी में प्रदर्शन किया था तो मुख्यमंत्री जी के प्रतिनिधि संजय बठला के द्वारा 25 जनवरी को मुख्यमंत्री जी से मिलवाने का लिखित में समय दिया गया था लेकिन आज तक मुख्यमंत्री जी से नहीं मिलवाया गया इसको लेकर भी कंप्यूटर लैब सहायकों और कंप्यूटर टीचर्स में भारी रोष है।

कंप्यूटर लैब सहायक और टीचर हरियाणा के सरकारी स्कूलों में पिछले 10 व 12 सालो से कार्य कर रहे है और इस समय कम्प्यूटर लैब सहायकों का वेतन मात्र 12000 और कम्प्यूटर टीचर का वेतन मात्र 18000 है इतने कम वेतन में सरकार काम पूरा लेती है। सरकार हर कार्य को डिजिटल करती जा रही तो सरकार के हर डिजिटल कार्य में कम्प्यूटर लैब सहायक और टीचर का योगदान है। हर साल 15 दिन सर्दी की छुट्टियों का वेतन और 30 दिन गर्मी की छुट्टियों का वेतन शिक्षा विभाग द्वारा काट लिया जाता है, कंप्यूटर लैब सहायकों और टीचरों की मांग है कि गर्मी व सर्दी में होने वाली छुट्टियों का वेतन न काटा जाए वेतन में सम्मानजनक वृद्धि की जाए।

सीएम रिलीफ फण्ड से इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रक्रिया हुई सरल

जरूरतमंदों को आवेदन के 15 दिन में मिलेगी आर्थिक सहायता

❖ आर्थिक सहायता के रूप में एक लाख तक मिलेगा लाभ

तेजयुग न्यूज

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की कड़ी में एक और कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर आवेदन करने की सुविधा प्रदान की है। इससे यह प्रक्रिया और अधिक सरल एवं आसान हो गयी है।

अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। आवेदक अपनी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को



पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। योजना में किए गए बदलावों के तहत यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है, तो आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत आर्थिक सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें संबंधित एमपी, संबंधित एमएलए, उपायुक्त, सिविल सर्जन, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, जिला परिषद के चेयरमैन, पंचायत समिति के चेयरमैन को सदस्य और नगराधीश को नोडल अधिकारी बनाया गया है। मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता के रूप में इलाज खर्च का 25 प्रतिशत पैसा ही मिलेगा जिसकी अधिकतम सीमा एक लाख रुपए निर्धारित की गई है। वहीं आवेदक वित्त वर्ष में केवल एक बार ही इस सुविधा का लाभ ले सकता है।

सुंदरी एक्सप्रेस के डिब्बे से मिली 3 किलो 270 ग्राम अफीम

चंडीगढ़ : सिरसा रेलवे स्टेशन पर सुंदरी एक्सप्रेस में सुरक्षा जांच के दौरान राजकीय रेलवे पुलिस(जीआरपी) को एक बैग में से भारी मात्रा में अफीम मिली। राजकीय रेलवे पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुंदरी एक्सप्रेस सिरसा से फिरोजपुर(पंजाब)जा रही थी। रेलवे थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर रणवीर सिंह जानकारी के अनुसार अगरतला से फिरोजपुर जाने वाली सुंदरी एक्सप्रेस शनिवार रात को सिरसा स्टेशन पर पहुंची। यहां पर राजकीय रेलवे पुलिस थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर रणवीर सिंह अपनी टीम के साथ सुंदरी एक्सप्रेस के डिब्बों की जांच कर रहे थे। इसी दरान एक डिब्बे में पुलिस को काले रंग का लावारिस बैग मिला। रणवीरसिंह ने बताया कि पुलिस ने लावारिस बैग को अपने कब्जे में लेकर तलाशी ली तो उसमें से 3 किलो 270 ग्राम अफीम मिली। जिस डिब्बे में उक्त बैग मिला उसमें कोई यात्री सवार नहीं था। बैग में से अफीम के अलावा कोई कागजात नहीं मिला है। इसके जीआरपी ने अज्ञात शख्स के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट क तहत केस दर्ज कर लिया।

आप अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष ने थामा इनेलो का दामन

भाजपा को बदलना चाहता है हर वर्ग : अभय सिंह चौटाला

तेजयुग न्यूज

चंडीगढ़। मेवात के फिरोजपुर झिरका में पिछले हफ्ते जेजेपी को छोड़कर इनेलो में शामिल हुए अमन अहमद ने परिवर्तन रैली का आयोजन किया। इस रैली में मेव लोगों का भारी हजूम उमड़ कर आया। इनेलो पार्टी को उस समय बेहद मजबूती मिली जब आम आदमी पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष और मेवात के कद्दावर नेता चौ. जावेद अहमद अभय चौटाला के नेतृत्व में इनेलो में शामिल हुए।

जनसभा को संबोधित करते हुए अभय सिंह चौटाला ने कहा कि मेवात में भाजपा सरकार ने पिछले दिनों हमारे आपसी भाइचारे को खत्म करने के प्रयास किए थे। आज कांग्रेस के लोग भी भाजपा के साथ मिले हुए हैं। जब आपके यहां पर धर्म और मजहब के नाम पर आप मेवातियों के उपर लाठियां और गोलियां चला कर अत्याचार किया जा रहा था, झूठे मुकदमों में मेवात के नौजवानों को

गिरफतार किया जा रहा था, तो एक भी कांग्रेस के नेता ने मेवात के लोगों के पक्ष में आवाज नहीं उठाई। मेवात के लिए अगर कोई लड़ा और उनके लिए आवाज उठाई थी तो वो केवल इनेलो का कार्यकर्ता था।

आज किसान, मजदूर, छोटा व्यापारी, कर्मचारी, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग समेत हर वर्ग इस भाजपा सरकार से दूखी हैं और भाजपा सरकार को बदलना चाहते हैं। किसान को कहा तो यह गया था कि 2022 में उनकी फसलों के दाम दोगुणा कर देंगे लेकिन फसलों के दाम दोगुणा करने की बजाय तीन काले कृषि कानून बना दिए। उन काले कानूनों को खत्म करवाने के लिए किसानों को तेरह महीने घर बार छोड़ कर आंदोलन करना पड़ा था। उस किसान आंदोलन को मजबूती देने के लिए किसान संगठनों की मांग पर विधायक पद से इस्तीफा दिया और इस आंदोलन द्वारा भाजपा सरकार को झुकना पड़ा था और तीन काले कानून खत्म करने पड़े थे।

पिछले साल 24 फरवरी से मेवात के सिंगार गांव से पवित्रन यात्रा इसलिए शुरू की थी कि लोगों के साथ न्याय हो। क्योंकि देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार धर्म, मजहब और जाति के नाम पर लोगों को बांटने का काम कर रही थी। भाजपा सरकार की कुनीतियों के कारण महंगाई बढ़ रही थी, पढ़े लिखे नौजवानों के साथ विश्वासघात हो रहा था, रोजगार नहीं मिल रहा था, भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया, नशा और अपराध बढ़े, किसान और मजदूर को कमजोर करने की योजनाएं बनाई गई। परिवर्तन यात्रा के दौरान मेवात के गांवों में पैदल गया, गांव के बुजुर्ग कह रहे थे उनकी पेंशन काट दी, हर गरीब आदमी कर रहा था उनका पीला कार्ड काट दिया, स्कूलों में ताले लगे थे, अस्पतालों के डाक्टर नहीं थे, सड़कें टूटी पड़ी थी, बिजली का बिल पीने का पानी नहीं था, हरियाणा प्रदेश के 80 प्रतिशत से ज्यादा गांव है जहां पीने का पानी नहीं है।

जेजेपी की सभी 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव की तैयारी

गठबंधन में हिसार और भिवानी-महेंद्रगढ़ प्राथमिकता : दुष्यंत चौटाला

तेजयुग न्यूज

चंडीगढ़। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए जननायक जनता पार्टी पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि गठबंधन के विषय पर जेजेपी कोऑर्डिनेशन कमेटी ने दो दौर की वार्ता की है। डिप्टी सीएम ने कहा कि जेजेपी की हिसार और भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट प्राथमिकता है, जिस पर गठबंधन आपस में चर्चा करके फैसला लेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि जेजेपी 10 की 10 सीटों पर तैयारी कर रही है। अब तक जेजेपी ने छह लोकसभाओं में सफल रैलियां की है और 13 मार्च को हिसार लोकसभा की सातवीं लोकसभा रैली होगी, इसमें हिसार में करवाए गए विकास कार्यों से जनता को अवगत करवाएंगे। दुष्यंत चौटाला सिरसा में पत्रकारों से रूबरू थे। रविवार को सिरसा में जेजेपी की लोकसभा चुनाव कोऑर्डिनेशन कमेटी ने भी अहम बैठक की। इस

बैठक में आगामी लोकसभा चुनावों को मजबूती से लड़ने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई।

पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज देश में एनडीए का कुनबा बढ़ रहा है और निरंतर क्षेत्रीय दल एनडीए से जुड़ रहे है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी गठबंधन सरकार पिछले साढ़े चार साल में किसान, कर्मेरे, आम नागरिकों को बेहतर सहूलियतें देने के मकसद में कामयाब रही है और आगे भी इसी सोच के साथ हम काम करते रहेंगे। हिसार से सांसद बृजेंद्र सिंह के भाजपा छोड़ने के सवाल पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि यह उनकी खुद की राजनीतिक सोच है और गठबंधन तोड़ने की मांग करते करते एक साल बाद बृजेंद्र ने यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि अब बृजेंद्र सिंह हिसार में रहेंगे या सोनीपत जाएंगे, यह समय बताएगा।

इससे पहले उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला श्री मुक्तसर साहिब जिले के गांव बादल पहुंचे। यहां वे पंजाब के पूर्व सीएम स्वर्गीय स. प्रकाश सिंह बादल की पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि बादल परिवार से हमारा चार पीढ़ियों से भाईचारे और दोस्ती का रिश्ता हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल और स. प्रकाश सिंह बादल ने भाईचारा और दोस्ती की देशभर में अनूठी मिसाल कायम की है, आने वाली पीढ़ियों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। डिप्टी सीएम ने हरियाणा-पंजाब बॉर्डर पर बने स्मारक पर जाकर भी चौ. देवीलाल और सरदार प्रकाश सिंह बादल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

इसके उपरांत डिप्टी सीएम ने सिरसा में चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स एक्टिविटी सेंटर का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस एक्टिविटी सेंटर का नाम पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के नाम पर रखा जाएग। इस अवसर पर जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, वरिष्ठ नेता डॉ. केसी बांगड़, राजेंद्र लितानी, राज्य मंत्री अनूप धानक, जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला, विधायक अमरजीत ढांडा, बृज शर्मा और कमलेश सैनी आदि मौजूद रहे।

75 पार की उम्र का नियम कई विधायकों पर पड़ सकता है भारी

चंडीगढ़ : भाजपा में 75 साल की उम्र का होने पर नेताओं को चुनाव न लड़ने का नियम यदि हरियाणा में भी चल गया तो इस बार कई विधायकों के टिकट पर संकट के बादल मंडरा सकते हैं। इस बात को इसलिए भी बल मिल रहा क्योंकि पिछले दिनों मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सख्त संदेश दिया है। मनोहर लाल ने साफ कर दिया है कि 75 साल से अधिक आयु के नेताओं को टिकट मिलना आसान नहीं है। अपने 70वें जन्मदिन पर पंचकूला के रेस्ट हाउस में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा, 75 साल के बाद संन्यास आश्रम शुरू हो जाता है, इसलिए उनका घर में रहना वर्जित होता है। जहां तक भाजपा में राजनीति की बात है तो यहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिमिट लगा दी है। 75 साल के बाद राजनीति बंद कर देनी चाहिए। मुख्यमंत्री का यह बयान कई विधायकों की बेचैनी बढ़ा सकता है। भाजपा के इस नियम की जद में कई नेता आ सकते हैं। भाजपा के कुछ विधायक तो मोदी मैजिक के सहारे ही जीतते आ रहे हैं ,लोगों का कहना है कि कुछेक नेतागण तो मतदाताओं को पार्टी और स्वयं के साथ जोड़ने में ज्यादा कामयाब नहीं रहे हैं। वह इस बार मौदी मैजिक की वजह से जीत गए थे। इस बार के कार्यकाल में भी कुछेक नेतागण आम आदमी से पकड़ बनाने में चूकते नजर आ रहे हैं। कई गांवों में तो कुछ नेताओं का विरोध भी हो रहा है। अब यदि ऐसे नेताओं को टिकट मिलता है तो इसका भाजपा को खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

भाविप शाखा पलवल के सयुक्त तत्वावधान में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया

तेजयुग न्यूज

चंडीगढ़ : रक्तदान आयोजित खाटू श्याम संकीर्तन में पलवल डोनर्स क्लब 'ज्योतिपुंज', श्री श्याम सेवक मण्डल, गौ सेवा टीम पलवल और भारत विकास परिषद् शाखा पलवल के सयुक्त तत्वावधान में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का संयोजन पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज के मुख्य संयोजक आर्यवीर लॉयन विकास मित्तल , श्री

श्याम सेवक मण्डल के संयोजक प्रदीप कुमार एवं भारत विकास परिषद् शाखा पलवल की महिला संयोजिका अल्पना मित्तल ने किया। शिविर का विधिवत उद्घाटन पलवल के विधायक दीपक मंगला, भाजपा नेता पवन अग्रवाल,परिषद् के नरेन्द्र अग्रवाल, सुभाष गुप्ता, देव वशिष्ठ , राम शरण ,अमित पंडित , सुरेश शर्मा, ललित मोहन, सतीश शर्मा ने किया ।

कार्यक्रम में अतिथियों ने संदेश दिया कि रक्तदान जनहित व राष्ट्रहित में है। रक्तदान करने के लिए सभी स्वस्थ्य युवकों को आगे आना चाहिए। रक्तदान वक्त की जरूरत है, हम सभी को रक्तदान करना चाहिए। शिविर संयोजक विकास मित्तल, अल्पना मित्तल और प्रदीप कुमार ने सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि कमाए हुए धन को दान करने में तो एक बार इंसान संकोच कर सकता है, लेकिन रक्तदान, नेत्रदान, अंगदान करने के लिए समाज के सभी वर्गों को आगे आना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि शिविर में 25 भक्तजनों ने थेलेसिमिया पीड़ितों के लिए रक्तदान किया। शिविर में डा. नरेश डागर, रुद्र नारायण , नेपाल सिंह, देवेन्द्र, रिंकू,गिर्राज, भुषण विकल्प मित्तल आदि ने विशेष सहयोग किया।

एचएसईएनबी का प्रदेशभर में छापेमारी अभियान, चार वाहन जत, 44 गिरतारी

345 लीटर लाहन, 41.8 लीटर कच्ची शराब, 1021.75 बोतल देसी शराब और 490.5 बोतल अंग्रेजी शराब व 504 बोतल बीयर जब्त की गई

तेजयुग न्यूज

चंडीगढ़। हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो (एचएसईएनबी) द्वारा अवैध शराब व कच्ची शराब जैसी गैर कानूनी गतिविधियो पर शिंकजा कसने के लिए प्रदेश के 22 जिलों में छापेमारी की गई। विशेष अभियान के दौरान कुल 45 केस दर्ज किए गए 4 वाहनों को जब्त कर 44 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। अभियान के दौरान 345 लीटर लाहन, 41.8 लीटर कच्ची शराब, 1021.75 बोतल देसी शराब और 490.5 बोतल अंग्रेजी शराब व 504 बोतल बीयर की जब्त की गई। अवैध शराब के लिए अंबाला, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, यमूनानगर, फरीदाबाद, पलवल, नूंह, गुरुग्राम, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, फतेहाबाद, जींद, हिसार, सिरसा, करनाल, पानीपत, कैथल, झज्जर, चरखी-दादरी, रोहतक, सोनीपत व भिवानी सहित कुल 22 जिलों मे छापेमारी की गई।

अभियान के दौरान कच्ची शराब व लाहन के लिए कुल 7 एफआईआर दर्ज की गई जिसके तहत पलवल में एक एफआईआर दर्ज कर 35 लीटर लाहन, जींद में एक एफआईआर दर्ज कर 4.5 लीटर कच्ची शराब, हिसार में एक एफआईआर दर्ज कर 22.5 लीटर कच्ची शराब, करनाल में 2 दो एफआईआर दर्ज कर 310 लीटर लाहन और कैथल में 2 एफआईआर दर्ज कर 14.8 लीटर कच्ची शराब बरामद की। गृह मंत्री अनिल विज ने

बताया कि अवैध शराब के मामले में अंबाला में दो एफआईआर दर्ज कर 52 बोतल देसी शराब बरामद कर दो आरोपियों को गिरफतार किया गया है। कुरुक्षेत्र में एक एफआईआर दर्ज कर 10 बोतल देसी शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पंचकूला में एक एफआईआर दर्ज कर 9 बोतल देसी शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार,यमुनानगर में एक एफआईआर, 19 बोतल देसी शराब बरामद व गिरफ्तारी, फरीदाबाद में 5 एफआईआर, 37 बोतल अंग्रेजी शराब और 51.75 बोतल देसी शराब बरामद के साथ 5 गिरफ्तारी, पलवल में एक एफआईआर, 22 बोतल देसी शराब बरामद और एक गिरफ्तारी, नूंह में 4 एफआईआर, 14 बोतल देसी शराब और 120.25 बोतल अंग्रेजी शराब तथा 12 बोतल बीयर बरामद कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार, गुरुग्राम में दो एफआईआर, 60 बोतल अंग्रेजी शराब और 31.25 बोतल देसी शराब के साथ दो गिरफ्तारी, महेंद्रगढ़ में 2 एफआईआर, 13 बोतल अंग्रेजी व 22 बोतल देसी शराब बरामद कर 2 गिरफ्तारी, रेवाड़ी में 2 एफआईआर, 14 बोतल देसी शराब, 36 बोतल अंग्रेजी शराब व 48 बोतल बीयर के साथ दो गिरफ्तारी, फतेहाबाद में एक एफआईआर, 15 बोतल देसी शराब बरामद और एक गिरफ्तारी, जींद में 3 एफआईआर, 57 बोतल देसी शराब बरामद कर 4 गिरफ्तारी, हिसार में एक एफआईआर, 15 बोतल देसी शराब बरामद कर 2 आरोपी को गिरफ्तार किए गए।

झज्जर में सबसे ज्यादा 186 बोतल अवैध शराब बरामद

सिरसा में दो एफआईआर, 155 बोतल देसी शराब, 24.5 बोतल अंग्रेजी बरामद कर 2 आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही करनाल में एक एफआईआर, 11 बोतल देसी शराब के साथ तीन 3 गिरफ्तारी, पानीपत में एक एफआईआर, 11 बोतल देसी शराब, एक गिरफ्तारी, कैथल में दो एफआईआर, 14.8 लीटर कच्ची शराब बरामद कर 2 गिरफ्तारी, झज्जर में एक एफआईआर, 186 बोतल अंग्रेजी व 12 बोतल देसी शराब और 432 बीयर बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। वहीं चरखी-दादरी में एक एफआईआर, 56 बोतल देसी शराब व एक गिरफ्तारी, रोहतक में 2 एफआईआर दर्ज कर 54 बोतल देसी शराब के साथ 2 गिरफ्तारी, सोनीपत में 2 एफआईआर दर्ज, 120 बोतल अंग्रेजी, 230.5 बोतल देसी शराब और 12 बोतल बीयर बरामद कर 2 आरोपी को गिरफ्तारी और भिवानी में 2 एफआईआर दर्ज कर 54 बोतल देसी शराब बरामद कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

ब्यूरो द्वारा जारी रहेगी कार्रवाई

हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो के एडीजीपी डॉ. एएस. चावला ने कहा कि गृह मंत्री के निर्देशानुसार ऐसे असामाजिक तत्वों को एक साथ कई स्थानों पर निशाना बनाने से सकारात्मक परिणाम होगें तथा ब्यूरो द्वारा भविष्य में भी अवैध शराब, अवैध खनन तथा बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ इसी प्रकार के अभियान चलाते हुए आरोपियों/ दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।